सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 28.06.2024

इटावा पुलिस द्वारा गोवंशों की तस्करी करने वाले 01 गौ तस्कर को किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का विवरण-

दिनांक 24/25.03.2024 की रात्रि को थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा लखेंरे कुँआ तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान 01 कंटेनर नं0 UP21 CN3664 में कुछ व्यक्तियों द्वारा गोवंश लादने की सूचना प्राप्त हुई थी, सूचना पर जसवंतनगर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए पुलिस मुठभेंड़ में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था, एवं 26 गोवंश बरामद किये गये थे।

उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी तथा पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 45/2024 धारा 3/5/8 उत्तर प्रदेश गौवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम, धारा 307 भादवि तथा धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा शेष अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद में गौतस्करी/गौकशी की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 28.06.2024 को थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा आपराधिक अभिसूचना के आधार पर **01 वांछित अभियुक्त को कचौरा बाईपास तिराहे के पास से समय करीब 09:25 बजे** गिरफ्तार किया गया।

नोट:- **उपरोक्त अभियोग में पुलिस टीम द्वारा कुल 09 अभियुक्तों की पूर्व में गिरफ्तारी की जा चुकी है।**

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0 45/2024 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधि0 व धारा 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1.राजू उर्फ कल्लू पुत्र राम सिंह निवासी मोहल्ला रूकन पुरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी काशीराम कालोनी थाना जसवंतनगर जनपद इटावा उम्र 44 वर्ष।

पुलिस टीम:- निरी0श्री रामसहाय प्रभारी थाना जसवंतनगर, निरी0 श्री रमेश कुमार सिंह निरीक्षक अपराध, का0 सोन प्रकाश।